प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 10.10.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. **मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर में यूपी ट्रेड शो स्वदेशी मेले का किया शुभारंभ : कहा– वोकल फॉर लोकल से विकसित भारत का सपना होगा साकार।**
2. **मुख्यमंत्री ने गोरखपुर विकास प्राधिकरण की 118 करोड़ रुपये की 50 विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण व शिलान्यास : 160 परिवारों को सौंपी ईडब्ल्यूएस और एलआईजी फ्लैट्स की चाबी।**
3. **रेलवे ने त्योहारों के दौरान यात्रियों की सुविधा के लिए 30 स्पेशल रेलगाड़ियों का शुरू किया संचालन : भीड़ प्रबंधन के लिए बनाये जायेंगे अतिरिक्त टिकट काउंटर और होल्डिंग एरिया।** **और**
4. **अखंड सौभाग्य की कामना के साथ महिलाएं मना रही हैं करवाचौथ का पर्व : निर्जला व्रत रख कर रही हैं पति की लम्बी आयु की कामना।**

———————

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर में यूपी ट्रेड शो स्वदेशी मेले का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने सभी नागरिकों से स्वदेशी वस्तुओं का ही इस्तेमाल करने की अपील की। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देकर हमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वोकल फॉर**

लोकल और लोकल फॉर ग्लोबल के अभियान को आगे बढ़ाना है। बाइट.....

*जीएसटी रिफॉर्म के बाद मार्केट में जो चहल पहल है इस चहल पहल के माध्यम से हमें उत्तर प्रदेश के उत्पाद की ब्रांडिंग करनी चाहिए उसको आगे बढ़ाने के लिए एक नया प्लेटफॉर्म उपलब्ध करवाना चाहिए और ये स्वदेशी मेला उसका एक माध्यम बन रहा है। मैं आप सबसे अपील करूँगा गोरखपुर वासियों से और प्रदेशवासियों से अपील करूँगा की दीपावली के अवसर पर जो भी खरीदे स्वदेशी खरीदे।*

गौतमबुद्धनगर में ऊर्जा राज्यमंत्री सोमेंद्र तोमर, सहारनपुर में राज्यमंत्री जसवंत सैनी ने मेले का शुभारम्भ किया। हमीरपुर में स्वदेशी मेले के नोडल अधिकारी उद्योग उपायुक्त रवि वर्मा ने बताया कि जीएसटी दरों मे कटौती के बाद यह मेला औद्योगिक विकास को बढ़ावा देगा। बाइट.....

*उत्तर प्रदेश अब एक एक ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी की तरफ बढ़ रहा है। उसको और रफ्तार देने के लिए औद्योगिक विकास में एक गति प्रदान करने के लिए ये मेला उसी का एक अग्रणी भूमिका निभाएगा जिसमें लोकल उत्पादों की बिक्री होगी,जो हाल ही में जीएसटी दरों में छूट हुई है उसका भी लोग फायदा उठा पाएंगे।*

लखनऊ में स्वदेशी मेले में खरीदारी करने आई आयुषी सरकार की पहल से बहुत खुश हैं। उन्होंने कहा कि इस मेले में न सिर्फ लोगों को स्वदेशी और हस्त निर्मित वस्तुएं खरीदने को मिल रही है, बल्कि स्थानीय कारीगरों को भी इससे आर्थिक लाभ हो रहा है। बाइट....

*मुझे ऐसा लगता है की आह ये जो जीएसटी रिफॉर्म्स आए है अभी रिसेंटली इसका बहुत बड़ा इम्पैक्ट है लोगों के एक्सपेंडिचर पावर में इस वजह से काफी लोग अब ज़्यादा बेटर दिवाली इस बार सेलिब्रेट कर पाएँगे।*

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर विकास प्राधिकरण की 118 करोड़ रुपये की 50 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने 160 परिवारों को ईडब्ल्यूएस और एलआईजी फ्लैट्स की चाबियां सौंपीं। इनमें 80 फ्लैट्स आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग और 80 निम्न आयवर्ग के लिए हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आवास वितरण पूरी पारदर्शिता के साथ हुआ है। जिसमें विस्थापित परिवारों को प्राथमिकता दी गई। बाइट.....

*अपना घर का सपना साकार होना उसके जीवन की एक बहुत महत्वपूर्ण घटना होती है। आज इन एक सौ साठ परिवारों का यानी एक सौ साठ परिवारों का मतलब अगर एक परिवार में पाँच से छह लोग होंगे तो भी छह से सात सौ लोग सीधे सीधे इस योजना से लाभान्वित होते हुए दिखाई दे रहे हैं और इसके लिए मैं आप सबको दीपावली के पहले मिले उपहार के लिए हृदय से बधाई देता हूँ अपनी शुभकामनाएं देता हूँ।*

———————

उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद ने 60 दिनों के भीतर फ्लैट की पूरी कीमत चुकाने वालों को 15 प्रतिशत की छूट देने का फैसला किया है। वहीं 90 दिन में पूरी कीमत देने वालों को 10 प्रतिशत की छूट दी जायेगी। यह छूट आवास विकास परिषद के लखनऊ, गाजियाबाद सहित विभिन्न शहरों में खाली फ्लैटों पर ही मिलेगी।

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश की कानून–व्यवस्था और आगामी त्योहारों की तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पर्व–त्योहारों के दृष्टिगत खाद्य पदार्थों की जांच की कार्रवाई तेज की जाए। उन्होंने कहा कि त्योहारों के दौरान आपातकालीन स्वास्थ्य एवं ट्रॉमा सेवाएं अनवरत रूप से चलती रहनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने त्योहारों के दौरान शांति और सौहार्द सुनिश्चित करने को लेकर इंटेलिजेंस को बेहतर बनाने के भी निर्देश दिए।

———————

22 सितम्बर से शरू हुआ जीएसटी बचत उत्सव पूरे देश में लाभकारी साबित हो रहा है। जीएसटी सुधारों से उद्योगों पर हो रहे सकारात्मक प्रभाव पर पेश है एक रिपोर्ट.....

*नया जीएसटी सुधार किसानों, कारीगरों, औद्योगिक श्रमिकों और छोटे व्यवसायों के लिए बड़ा प्रोत्साहन है। नमकीन पर नये जीएसटी दर से यह अब लगभग 6 से 7 प्रतिशत तक सस्ता हो गया है। वहीं, कृषि मशीनरी, पंप, ट्रैक्टर और अन्य उपकरण के 5 प्रतिशत कर श्रेणी में आने से लागत में 7 से 13 प्रतिशत तक की कमी आई है। सीमेंट उत्पादन में 28 प्रतिशत से 18 प्रतिशत की उल्लेखीय गिरावट दर्ज की गई है। जिससे 50 किलोग्राम के सीमेंट बोरे की लागत 25 से 30 रुपए तक काम हो गई है। वहीं ढाई हजार तक की कीमत वाले फुटवियर पर अब केवल 5 प्रतिशत कर लग रहा है, जिससे कीमतों में लगभग 11 प्रतिशत की कमी आई है नये सुधारो का उद्देश्य त्यौहार के मौसम में उत्पादों की बिक्री बढ़ाना, रोजगार*

*को सुरक्षित करना और औद्योगिक अर्थव्यवस्थाओं को बल देना है। रोहन के साथ, आदर्श आकाशवाणी, समाचार दिल्ली।*

—————————

**ब्रेक**

**यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।**

**ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।**

————————

**पूर्वोत्तर रलवे ने त्योहारों पर लोगों की भारी भीड़ के मद्देनज़र करीब 30 त्योहार स्पेशल रेलगाड़ियों का संचालन शुरू कर दिया है। पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल के मण्डल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल ने बताया कि इस दौरान स्टेशनों पर नियमित टिकट काउन्टर के अतिरिक्त मोबाइल यूटीएस व एटीवीएम मशीन उपलब्ध रहेगी। इसके अलावा प्लेटफॉर्म पर भीड़ नियंत्रित करने के लिए होल्डिंग एरिया भी बनाए जाएंगे। बाइट......**

*त्यौहारों पे जैसे की हर साल होता है इस वर्ष भी हम बहुत सारी नई ट्रेने चला रहे हैं तीस सेट्स ओएफ ट्रेन एक्स्ट्रा राइट नौ चल रही है अभी से और जैसे जैसे दिवाली और छठ और पास में आएगा ये ट्रेनें और बढ़ाई जाएँगी कई बार वो शॉर्ट नोटिस पे भी कितना ट्रेनों में वेटिंग लिस्ट चल रहा है उसको देख कर के शॉर्ट नोटिस पर जरूरत होती है तो चार पाँच*

*ट्रेने इमीडिएटली भी अरेंज की जाती है बट तीस पैयर्स ओएफ ट्रेन राइट नौ नॉर्मल से नॉन शेड्यूल पैसेंजर ट्रेनें अभी भी चल रही है।*

———————

खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री राकेश सचान ने आज लखनऊ में माटी कला महोत्सव 2025 का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि 19 अक्टूबर तक चलने वाले इस महोत्सव में प्रदेश के माटी कारीगरों को एक मंच प्रदान किया गया है। बाइट......

*लगातार इस तरह के एक बाजार देना। यहाँ पर खादी भवन में हम लोग निशुल्क जितने भी उत्पादक है उनको एक बाजार दे रहे हैं ताकि हमारे लखनऊ वासी त्यौहार के समय गणेश लक्ष्मी से लेके दिया तमाम सारा सामान यहाँ खरीद लें। यहाँ पर रेट फेयर भी हमारा लगा है। इसी तरह पूरे प्रदेश में इस तरह के उत्पाद का एक बड़ा फेयर लगाया गया है।*

———————

पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव की तीसरी पुण्यतिथि पर आज प्रदेश के कई जनपदों मे श्रद्धांजलि सभाएं की गईं। इटावा में उनके समाधि स्थल पर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव सहित अन्य नेताओं ने श्रद्धासुमन अर्पित किए।

———————

प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास व उद्यमशीलता राज्यमंत्री कपिलदेव अग्रवाल ने बताया कि प्रवेश सत्र अगस्त–2025 के लिए प्रदेश के सभी राजकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों आईटीआई में प्रवेश

की अंतिम तिथि बढ़ाकर 17 अक्टूबर 2025 तक कर दी गईहै। यह प्रवेश प्रक्रिया वॉक इन सिद्धान्तके अनुसार संचालित की जाएगी।

—————————

अयोध्या के थाना पूरा कलंदर क्षेत्र के पगलाभारी गांव में कल शाम हुए धमाके में एक ही परिवार के 6 लोगों की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस औऱ फायर ब्रिगेड की टोम ने मलबे से शव बाहर निकाले। जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने बताया कि धमाके के कारणों का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर दुख व्यक्त करते हुए शोकाकुल परिवारों के प्रति संवेदना जाहिर की है।

—————————

अखंड सौभाग्य व सुख समृद्धि की कामना के साथ महिलाएं आज करवा चौथ का पर्व मना रही हैं। इस मौके पर सुहागिन महिलाएं अपने पति की लम्बी आयु के लिए निर्जला व्रत है, जो चंद्रमा दर्शन के बाद पूरा होगा। करवा चौथ को लेकर बाज़ारों में रौनक नज़र आई। साज श्रंगार और पूजा सामग्री की दुकानों पर भारी भीड़ रही। वहीं मेहंदी लगवाने के लिए भी महिलाओं की लम्बी कतारे देखने को मिलीं।

(समाप्त)